**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to include agricultural activities in the list of works approved under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme-laid.

**डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट):** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी देश के किसानों की आय दुगुनी करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत् हैं । जो सराहनीय है । इसी दिशा में किसानों को लाभांवित करने यदि कृषि कार्य को मनरेगा योजना से जोड़ दिया जाता है तो किसानों को सालभर कृषि कार्य हेतु मजदूर मिल सकेंगे एवं मजदूरों को भी 100 दिन से अधिक पूरे वर्ष कार्य मिलेगा । वर्तमान में किसान ऑफ सीजन में 150 से 200 रूपये तक मजदूरी का भुगतान करता है एवं सीजन के दौरान मजदूरी 300 रूपये तक हो जाती है, जिससे किसान को आर्थिक भार आता है । यदि कृषि कार्य को मनरेगा में जोड़कर आधी मजदूरी किसानों एवं आधी मजदूरी शासन दे तो इसमें शासन को बचत होगी एवं किसान को भी आर्थिक मदद मिलेगी । यदि कृषि कार्य को मनरेगा योजना में सम्मिलित कर लिया जाता है तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की किसानों की आय दुगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा ।